हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शनिवार 7 मार्च 2026

11 बाल विवाह करवाया तो टेंट वाले से लेकर पंडित तक...



12 अब घर-घर कूड़ा उठान करने पर यूएलबी...



**खबर संक्षेप**

### इनेलो की जिला स्तरीय बैठक 9 मार्च को

**नारनौल।** इंडियन नेशनल लोकदल की बैठक नौ मार्च को 11 बजे नई मंडी में शहरी प्रधान सत्यनारायण गुप्ता के कार्यालय में होगी। जिला प्रवक्ता नवनीत सिंह ढिल्लो ने बताया कि बैठक में 23 मार्च को शहीदी दिवस पर जींद की नई अनाज मंडी में होने वाले इनेलो युवा सम्मेलन की तैयारियों को ले कर कार्यकर्ताओं कि जिम्मेदारी लगाई जाएगी। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान सुरेन्द्र कौशिक करेंगे व जिला प्रभारी पूर्व विधायक रणबीर मंदोला विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

### कनीना में स्वास्थ्य जांच शिविर कल

**कनीना।** कनीना मंडी स्थित लाला शिवलाल की धर्मशाला में रविवार को सामाजिक संस्था सेवा भारती की ओर से 96वें स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में रेवाड़ी स्थित निजी अस्पताल के चिकित्सकों आसिफ रहमान, राकेश केसरी व हर्ष की ओर से मरीजों की जांच कर दवा दी जाएगी। शिविर में ईसीजी, बीपी व शुगर की जांच कर परामर्श दिया जाएगा। योगेश अग्रवाल ने बताया कि सुबह 10 से दोपहर दो बजे तक आयोजित होने वाले इस शिविर की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। संस्था के संरक्षक शिवकुमार अग्रवाल ने बताया कि प्रत्येक माह के दूसरे रविवार को स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाता है।

## खटोटी के दिव्यांग नितेश कुमार, दौंगड़ा अहीर के तेजवीर और नारनौल शहर के मोहित यादव ने किया यूपीएससी क्वालिफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

यूपीएससी ने सिविल सर्विस एग्जाम 2025 का फाइनल रिजल्ट शुक्रवार घोषित कर दिया। महेंद्रगढ़ जिला के तीन युवाओं ने यूपीएससी क्वालिफाई किया है। इनमें से एक युवा दिव्यांग हैं। जिन्होंने ऑल इंडिया में 237 वी रैंक हासिल की है। वहीं दूसरे युवा ने 476वीं रैंक हासिल की है। तीसरे युवा ने ऑल इंडिया 750वीं रैंक हासिल की है।

### दिव्यांग नितेश ने पांचवें प्रयास में पाई सफलता



गांव खटोटी निवासी दिव्यांग नितेश कुमार ने पीडब्ल्यूडी वन कोटे से हिंदी साहित्य विषय में यूपीएससी क्वालिफाई किया है। नितेश पढ़ाई में शुरू से ही होशियार रहे हैं। उन्होंने दसवीं सरकारी स्कूल खटोटी, बारहवीं सीएल स्कूल नारनौल तथा पीजी कृष्ण नगर कॉलेज से की। इसके बाद पीजी नारनौल कॉलेज से की। वहीं वे पांच साल से यूपीएससी की तैयारी में जुटे। नितेश के भाई पियूष ने बताया कि नितेश पहले भी इंटरव्यू तक जा चुके हैं। उन्होंने पांचवे प्रयास में इस सफलता को हासिल किया और 237वीं रैंक हासिल की। नितेश के पिता श्रद्धानंद किसान हैं तथा मां गृहणी। उनको यूपीएससी में जाने की प्रेरणा ताऊ हीरानंद से मिली।

### मोहित ने तीसरे प्रयास में किया क्वालिफाई



वहीं दूसरी ओर शहर के मोहल्ला माली टिब्बा निवासी करण उर्फ मोहित यादव ने तीसरे प्रयास में यूपीएससी क्वालिफाई किया है। मोहित के पिता वेल्डिंग का काम करते हैं। वहीं मां गृहणी हैं। मोहित ने तीसरे प्रयास में यह परीक्षा पास कर 750वी रैंक हासिल की है। मोहित ने दसवीं व बारहवीं एचपीएस स्कूल से पास की। जिसके बाद वे दिल्ली में रहकर यूपीएससी की तैयारी कर रहे हैं।

### दौंगड़ा अहीर के तेजवीर ने पाई 476वीं रैंक

यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा के घोषित परिणाम में दौंगड़ा अहीर गांव के दलीप सिंह पंच के सुपुत्र तेजवीर ने ऑल इंडिया 476वीं रैंक प्राप्त कर गांव व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह समाचार सामने आते ही पूरे गांव में खुशी का माहौल बन गया और ग्रामीणों ने इसे गांव के लिए गर्व का क्षण बताया। तेजवीर ने वर्ष 2015 में आईआईटी मुम्बई से मैकेनिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की थी। वर्तमान में वे गुड़गांव में नौकरी करते हुए यूपीएससी की तैयारी कर रहे थे। खास बात यह रही कि उनका यह पहला ही मुख्य परीक्षा और पहला ही इंटरव्यू था, जिसमें उन्होंने यह उल्लेखनीय सफलता हासिल की। तेजवीर ने बताया कि उन्होंने नौकरी के साथ-साथ ऑनलाइन माध्यम से पढ़ाई की। तैयारी के दौरान उन्होंने यूट्यूब, ऑनलाइन स्टडी मटेरियल और टेस्ट सीरीज की मदद से नियमित अभ्यास किया और सीमित समय में बेहतर रणनीति बनाकर परीक्षा पास की। उनके पिता दलीप सिंह सेना से सेवानिवृत्त हवलदार हैं और माता गृहणी हैं। परिवार में दो भाई और एक बहन हैं, जिनमें से एक भाई पटवारी के पद पर कार्यरत हैं।



## स्कूटी सवार युवकों ने बुजुर्ग महिला के टॉप्स व रुपये लूटे

**नारनौल।** शहर में दिनदहाड़े लूट की वारदात सामने आई है। शहर के मुख्य डाकघर के बाहर स्कूटी सवार दो युवकों ने एक बुजुर्ग महिला के कानों के टॉप्स व चार हजार रुपये लूट लिए। जानकारी के अनुसार कड़िया वाले मंदिर के पास की रहने वाली 65 वर्षीय महेंद्र देवी शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे पेंशन लेने के लिए नई मंडी के पास मुख्य डाकघर आई थी। जब वह पेंशन लेकर डाकघर से बाहर आई, तो स्कूटी पर सवार होकर आए दो युवकों ने मौका पाकर उनके कानों के टॉप्स व चार हजार रुपये छीन लिए और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद महिला ने अपने बेटे आशु को फोन कर घटना की जानकारी दी। इसके बाद आशु ने अपने मित्र हरकेश वर्मा को फोन कर मामले से अवगत कराया। वहीं तुरंत डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। कुछ ही देर में सीआईए टीम भी घटनास्थल पर पहुंच गई। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। वहीं डाकघर से थोड़ा आगे नागरिक अस्पताल के पास एक व्यक्ति से इसी प्रकार रुपये छीनने व स्कूटी सवार युवाओं द्वारा इस प्रकार की वारदात को अंजाम देने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं।

### मूसनौता के बस स्टैंड पर मध्य रात्रि हमलावरों ने किया ताबड़तोड़ हमला

## पपला गुर्जर के गुर्गों की दुश्मनी में एक की हत्या!

*डेढ़ माह पहले जमानत पर आए पुष्कर गुर्जर पर लाठी, रॉड व सरिया से ताबड़तोड़ हमला कर मौत के घाट उतारा*

निजामपुर पुलिस ने संदीप उर्फ सिंधिया समेत नौ ज्ञात एवं 4-5 अज्ञात हमलावरों के खिलाफ संगीन धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

कुख्यात गैंगस्टर पपला गुर्जर की गैंग से जुड़े गुर्गों के चल रही दुश्मनी के बीच करीब डेढ़ माह पहले जमानत पर आए सादा की ढाणी तन मूसनौता निवासी करीब 33 वर्षीय पुष्कर गुर्जर की विरोधी गैंग ने लाठी, रॉड, सरिया आदि से ताबड़तोड़ हमला कर दिया और पुष्कर गुर्जर को मौत के घाट उतार दिया। निजामपुर पुलिस ने संदीप उर्फ सिंधिया समेत नौ ज्ञात एवं 4-5 अज्ञात हमलावरों के खिलाफ संगीन धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने मौके से मृतक पुष्कर की महेंद्रा स्कार्पियो गाड़ी को कब्जे में लिया है।

जानकारी के अनुसार सादा की ढाणी तन मूसनौता निवासी पुष्कर गुर्जर व उसका साथी भीम सिंह बायल गांव के सरपंच दशरथ सिंह के यहां एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने आए थे। जब मध्य रात्रि को करीब 12 बजे ये दोनों अपनी-अपनी गाड़ियों से वापस घर जा रहे थे, तब मूसनौता के बस स्टैंड पर दो कैंपर गाड़ियां खड़ी थी, जिन्होंने इनका रास्ता रोक लिया। इन दोनों कैंपर गाड़ियों ने पुष्कर गुर्जर की स्कारपियो को टक्कर मारी और फिर इनमें सवार युवक नीचे उतर आए और उन्होंने लाठी-डंडों, लोहे के सरिये एवं रॉड इत्यादि से गाड़ी पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। उन्होंने पुष्कर गुर्जर को भी नीचे उतारकर तब तक बुरी तरह से गंभीर चोटें पहुंचाई, जब तक वह वहीं पर लहूलुहान होकर ढेर नहीं हो गया।

हमलावरों ने पुष्कर के साथी भीम की गाड़ी पर भी हमला किया तथा उसको भी टक्कर मारी, जिससे वह सड़क से नीचे उतरकर बंद हो गई। हमलावरों ने भीम को भी जिंदा जान से मारने की धमकी दी और वहां से चले गए।



**नारनौल।** नागरिक अस्पताल की मोर्चरी में बैठे ग्रामीण। फोटो: हरिभूमि

### हमलावर और मृतक थे पहले दोस्त

बताया जाता है कि पुष्कर और संदीप उर्फ सिंधिया दोनों एक ही गांव मूसनौता के रहने वाले हैं। पहले ये दोनों दोस्त थे और दोनों ही कुख्यात गैंगस्टर पपला गुर्जर की गैंग के लिए काम करते थे। दोनों पर ही हरियाणा एवं राजस्थान के विभिन्न थानों में 10-12 केस एक जैसी संगीन धाराओं के दर्ज हैं। बाद में इनकी दोस्ती दुश्मनी में बदल गई। संदीप उर्फ सिंधिया जहां करीब डेढ़ साल पहले जमानत पर रिहा होकर आया था, वहीं पुष्कर लगभग एक माह पहले जमानत पर घर आया था। आरोप है कि बीती रात को पुष्कर जब बायल गांव में एक कार्यक्रम में गया हुआ था, तब संदीप उर्फ सिंधिया और उसके 10-15 साथियों ने घात लगाकर पुष्कर पर हमला कर दिया और उसे मौत के घाट उतार दिया गया। युवक की मौत की खबर से गांव में शोक और गुस्से का माहौल है। इस हत्याकांड के बाद इलाके में तनाव और डर का माहौल है, माना जा रहा है कि गैंगवार में और जान भी जा सकती हैं।

### पुलिस को यह दी शिकायत

पुलिस को दी शिकायत में सुभाष गुर्जर ने बताया कि रात करीब 12 बजे उसका भाई पुष्कर अपनी गाड़ी द्वारा बायल से अपने घर जा रहा था। रास्ते में मूसनौता बस स्टैंड के पास सामने से एक कैंपर ने रास्ता रोक रखा था। उसने सामने से जोर से टक्कर मारी और दूसरी तरफ से दूसरी कैंपर गाड़ी ने टक्कर मारी। जिसमें संदीप उर्फ सिंधियार, महेश उर्फ छिल्लर, प्रवीन ढाणी भोजला, ज्ञानी गुर्जर मेहाड़ा, आदित्य ढाणी खारिया, विरेंद्र , संजू मुंडनवास, राजेश उर्फ मुर्गा नांगल दर्गू, राजेंद्र बासियाल तथा चार-पांच अन्य लोग थे। उनके पास दो कैंपर गाड़ी थी। एक सफेद रंग की और दूसरी चॉकलेटी कलर की थी। सभी ने मिलकर लोहे की राड, सरिया व डंडों से मारपीट करके उसके भाई पुष्कर की मिलकर हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि सिंधिया ने पहले भी हमारे परिवार को जान से मारने की धमकी दी थी, जिससे हमारे परिवार को जान का खतरा है। इन सभी के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए।



**नारनौल।** मृतक की क्षतिग्रस्त स्कार्पियो गाड़ी।

इसके उपरांत भीम ने पुष्कर के चाचा पूर्णमल को हमले की जानकारी दी तथा उसे मूसनौता के बस स्टैंड पर बुलाया।

इसकी रात को ही पुलिस को भी सूचना दी गई तथा पुष्कर को नांगल चौधरी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक पुष्कर अविवाहिता था, जिसके शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल नारनौल पहुंचाया गया। निजामपुर पुलिस ने शव का चिकित्सकों से पोस्टमार्टम करवा उसे परिजनों को सौंप दिया। पोस्टमार्टम के दौरान मोर्चरी परिसर में सैकड़ों ग्रामीण युवक मौजूद रहे।

### इन पर किया है हत्या का केस दर्ज

*निजामपुर पुलिस ने हत्या के इस मामले में संदीप उर्फ सिंधिया, महेश उर्फ किल्लर, प्रवीण, ज्ञानी गुर्जर, आदित्य, विरेंद्र, संजू, राजेश उर्फ मुर्गा, राजेंद्र तथा 4-5 अन्य नाम पता नामालूम लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।*

### पुलिस ने शुरू की कार्रवाई

जब पुलिस रात्रि को गश्त पर थी, तभी उसे उक्त हमले की सूचना मिल गई थी। सूचना के बाद पुलिस तत्परता से गांव मूसनौता पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने मौके से पुष्कर की महेंद्रा स्कारपियो को कब्जे में लेकर उसे निजामपुर थाने पहुंचाया। इतना ही नहीं, पुलिस ने दिन के समय क्राइम स्पेशलिस्ट की टीम को मौके पर बुलाया तथा उनसे सीन ऑफ क्राइम क्रियेट कराया। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज करने उपरांत हमलावरों की धर-पकड़ शुरू कर दी है।

### आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित

*नांगल चौधरी। निजामपुर थाना इंचार्ज रवि कुमार ने बताया कि आरोपित की बुआ कुछ दिन पहले मृतक के गांव में आई थी, तब उसका पुष्कर गुर्जर के साथ कोई विवाद हुआ था, तभी से दोनों पक्षों में तनाव की स्थिति बनी थी। मृतक व हमलावर के खिलाफ पपला गुर्जर को भगाने समेत रंगदारी मांगने, 307, आर्म्स एक्ट के कई केस दर्ज हैं। घटना स्थल से मृतक की गाड़ी बरामद करके शव को पोस्टमार्टम करवा दिया। आरोपितों की गिफ्तारी के लिए स्पेशल टीम गठित की गई है।*

## नक्शा प्रोजेक्ट के तीसरे चरण में 10 नई कॉलोनियों का सर्वे कार्य शुरू

*सर्वे के बाद योजनाबद्ध तरीके से होगा विकासः डीएमसी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हरियाणा सरकार के फ्लैगशिप नक्शा प्रोजेक्ट को धरातल पर उतारने के लिए शुक्रवार को जिला नगर आयुक्त रणवीर सिंह ने नगर परिषद कार्यालय में अधिकारियों, सर्वेयरों और पटवारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

इस बैठक के दौरान डीएमसी ने प्रोजेक्ट के तीसरे चरण के लिए 10 नए क्षेत्रों की सूची जारी करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि इस कार्य को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरी सटीकता के साथ संपन्न किया जाए। उन्होंने कहा कि यह मुख्यमंत्री का एक अत्यंत गंभीर व दूरदर्शी प्रोजेक्ट हैए जो शहरी क्षेत्रों में प्रॉपर्टी के पुराने विवादों को सुलझाने में मील का पत्थर साबित होगा। हरियाणा सरकार की इस पहल से न केवल शहरों का डेटा डिजिटल और पारदर्शी होगा, बल्कि भविष्य में विकास की योजनाओं को बेहतर ढंग से लागू करने में भी मदद मिलेगी।



**नारनौल।** अधिकारियों की बैठक लेते डीएमसी रणवीर सिंह। फोटो: हरिभूमि

इस अवसर पर तीसरे चरण के तहत आवंटित क्षेत्रों की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि टीम नंबर एक को कैलाश नगर रेवाड़ी रोड, टीम दो को ऑफिसर कॉलोनी, टीम तीन को आदर्श नगर एक्सटेंशन पार्ट एक, टीम चार को परशुराम कॉलोनी एक्सटेंशन व टीम पांच को दया नगर एक्सटेंशन पार्ट एक का कार्य सौंपा गया है। इसी प्रकार टीम छह कैनाल रेस्ट हाउस के समीप, टीम सात हीरा नगर, टीम आठ शास्त्री नगर 2014, टीम नौ हीरा नगर एक्सटेंशन और टीम 10 नसीबपुर में वाटर वर्क्स के पास के क्षेत्रों में सर्वे का कार्य पूरा करेंगी।

जिला नगर आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सर्वे के दौरान शुद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि आमजन को अपनी संपत्ति के मालिकाना हक को लेकर भविष्य में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## नागरिक अस्पताल में गर्भवती महिला को नहीं मिला इलाज

*हाई रिस्क प्रेग्नेंसी के बावजूद किया रेफर एंबुलेंस के लिए करना पड़ा लंबा इंतजार*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

नागरिक अस्पताल में शुक्रवार को एक गर्भवती महिला को इलाज नहीं मिला। हाई रिस्क प्रेग्नेंसी के बावजूद उसे रेफर कर दिया गया, जिसके बाद एंबुलेंस के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा।

गांव देवास निवासी उदय सिंह ने बताया कि उनकी पत्नी शर्मिला गर्भवती है। शुक्रवार सुबह करीब 8:30 बजे शर्मिला को अचानक पेट में दर्द हुआ। इसके बाद उदय सिंह और आशा वर्कर सुनीता उसे महेंद्रगढ़ के नागरिक अस्पताल लेकर पहुंचे। अस्पताल में शर्मिला की जांच की गई और उसे एक इंजेक्शन लगाया गया। डॉक्टरों ने कुछ और जांचें कराने को कहा, जिन्हें परिजनों ने पूरा करवाया। उदय सिंह का आरोप है कि इसके बाद डॉक्टरों ने महिला को भर्ती करने से इनकार कर दिया और हाई रिस्क प्रेग्नेंसी बताते हुए रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। रेफर किए जाने के बाद महिला को पेट में लगातार दर्द हो रहा था। परिजन उसे अस्पताल के बाहर ले आए और डायल 112 पर फोन करके एंबुलेंस बुलाई। परिजनों के अनुसार, एंबुलेंस पहुंचने में काफी समय लगा और इस दौरान महिला जमीन पर बैठकर दर्द सहती रही। उन्हें तुरंत कोई इलाज नहीं मिला। परिजनों ने बताया कि बाद में पीपीसी ब्लॉक से एक मेडिकल ऑफिसर (एमओ) आईं, जिन्होंने महिला को दोबारा जांच के लिए अंदर बुलाया। दोबारा जांच के बाद भी उसे रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया गया। अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी से संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन उनसे मुलाकात नहीं हो सकी। परिजनों ने अन्य डॉक्टरों से भी मदद मांगी, लेकिन उन्हें कोई इलाज नहीं मिला। इस पूरी घटना ने अस्पताल में आपातकालीन सेवाओं की कथित अव्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### घटना के कई दिन बाद भी अभी तक आरोपितों की नहीं हुई गिरफ्तारी

## दोस्तपुर में किए गए हमले के विरोध में सरपंच एकजुट, एसपी से मिले

*खुलेआम गांव में घूम रहे हमलावर क्षेत्र में बना भय व दहशत का माहौल*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

नांगल चौधरी क्षेत्र के विभिन्न गांवों के सरपंच एवं प्रतिनिधि पंचायत समिति चेयरमैन कर्मपाल यादव के नेतृत्व में लघु सचिवालय नारनौल पहुंचे और एकजुट होकर एसपी को एक ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में उन्होंने बताया कि गत 28 फरवरी को गांव दोस्तपुर में नितिन कुमार, सरपंच प्रतिनिध बबरूभान और दीपक पर कुल्हाड़ी, लोहे की रॉड एवं धारदार हथियारों से जान से मारने की नीयत से जानलेवा हमला कर दिया गया था। हमलावरों में अजय, धर्मेंद्र, नितेश, मोनू, साहिल, विनय, मनीष एवं उनके अन्य साथी शामिल थे। इस हमले में नितिन कुमार गंभीर रूप से घायल हो या था और उनकी दो उंगलियां कट गई थी, जिससे यह स्पष्ट है कि आरोपितों का हमला अत्यंत गंभीर और जानलेवा था।



**नारनौल।** एसपी से मिलने लघु सचिवालय पहुंचे विभिन्न गांवों के सरपंच।

उन्होंने बताया कि इस पूरे घटनाक्रम की वीडियो भी मौजूद है, जिसमें आरोपित हथियारों से हमला करते हुए साफ दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि घटना को कई दिन बीत जाने के बावजूद भी अभी तक एक भी आरोपित की गिरफ्तारी नहीं हुई है। हमलावर खुलेआम गांव में घूम रहे हैं, जिससे गांव दोस्तपुर और आसपास के क्षेत्र में भय और दहशत का माहौल बना हुआ है। हम सभी सरपंच व ग्रामीण प्रतिनिधि मांग करते हैं कि इस मामले में वीडियो व घटना की गंभीरता को देखते हुए कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए तथा एफआईआर में कड़ी धाराओं को वीडियो और घटनाक्रम के आधार पर जोड़ा जाए, ताकि दोषियों को सख्त सजा मिल सके। इस मौके पंचायत समिति चेयरमैन कर्मपाल यादव के साथ रायमलिकपुर के सरपंच एवं नांगल चौधरी ब्लॉक सरपंच एसोसिएशन के अध्यक्ष धर्मपाल, पंचायत समिति निजामपुर के चेयरमैन विनोद कुमार, सरपंच बबरूभान, विक्रम सरपंच शहबाहपुर, बलवंत सरपंच आंतरी, रामनरेश सरपंच नांगल पीपा, लेखराज सरपंच सिरोही बहाली, देशराज सरपंच जैनपुर, लीलाराम सरपंच बिहारीपुर, भोजावास से सरपंच विनोद, मूलोदी से सरपंच गजराज एवं पवन सरपंच थनवास आदि मौजूद रहे।

### एसपी ने दिया दो दिन में कार्रवाई करने का आश्वासन

चेयरमैन कर्मपाल ने बताया कि एसपी मैडम ने दो दिन में कार्रवाई करने एवं आरोपितों को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया है। उनका कहना था कि इस मामले में सीआईए से कार्रवाई करवाएंगी। इसके अलावा चेयरमैन ने बताया कि वे इसे मामले में खनन अधिकारी से भी मिले हैं और अवैध खनन रोकने एवं दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है।

## पत्नी पर लाठी व चाकू से किए वार, पति पर केस

*पत्नी को छोटी-छोटी बातों पर करता था प्रताड़ित*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

क्षेत्र के एक गांव जांट में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी पर लाठी और चाकू से जानलेवा हमला कर उसे घर में ही बंधक बना लिया। पीड़िता की हालत नाजुक होने के कारण उसे प्राथमिक उपचार के बाद रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने मायके पक्ष की ओर से मिली शिकायत पर मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार कासन मानेसर निवासी लीलावती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बेटी अनुराधा की शादी 17 वर्ष पहले महेंद्रगढ़ गांव जांट निवासी मुकेश के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही मुकेश अपनी पत्नी को छोटी-छोटी बातों पर प्रताड़ित करता था। कई बार सामाजिक तौर पर पंचायतें हुईं और उसे समझाया गया, लेकिन उसके व्यवहार में कोई सुधार नहीं आया। शिकायत के अनुसार बीते दो मार्च को मुकेश ने अनुराधा को बिना किसी कारण के लाठी और चाकू से बुरी तरह पीटा और गंभीर रूप से घायल करने के बाद उसे एक कमरे में बंद कर दिया। घटना की भनक जब पड़ोस में रहने वाले व्यक्ति को लगी तो उसने तुरंत अनुराधा के भाई सुंदर को फोन पर सूचना दी। सुंदर ने बिना देरी किए 112 नंबर पर पुलिस को सूचित किया। पुलिस के मौके पर पहुंचते ही आरोपित मुकेश वहां से फरार हो गया। पुलिस ने कमरे का दरवाजा खोलकर अनुराधा को बाहर निकाला और एम्बुलेंस के जरिए तुरंत उपचार के लिए सरकारी अस्पताल महेंद्रगढ़ पहुंचाया। शिकायत में बताया गया कि अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने अनुराधा की गंभीर हालत को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया है। पुलिस ने लीलावती की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।



# टॉक्सिक के पोस्टपोन होते ही 5 बड़ी फिल्मों का गड़बड़ाएगा रिलीज कैलेंडर!

**मुंबई।** बुधवार को यश की फिल्म टॉक्सिक के पोस्टपोन होने का ऐलान किया गया। इस साल हिंदी फिल्मों का रिलीज कैलेंडर पहले ही 'धुरंधर 2' की ईद पर रिलीज के कारण कई बार गड़बड़ा चुका है। इसकी वजह से वाईआईएफ की 'अल्फा' और सलमान खान की 'बैटल ऑफ गलवान', संजय लीला भंसाली की 'लव एंड वॉर' जैसी कई फिल्मों की रिलीज आगे-पीछे टाली गई हैं। अब एक बार फिर चर्चा है कि 'टॉक्सिक' की रिलीज जून में होने के कारण समर सीजन में बॉलीवुड फिल्मों का रिलीज शेड्यूल एक बार फिर गड़बड़ा सकता है। जानकार कहते हैं कि फिल्म निर्माता अपनी फिल्म को किसी बड़ी फिल्म के दो हफ्ते पहले और तीन हफ्ते बाद तक रिलीज करने से बचते हैं। ऐसे में 'टॉक्सिक' की नई रिलीज डेट के कारण मई -जून में रिलीज होने वाली फिल्मों 'पति पत्नी और वो', 'है जवानी तो इश्क होना है', इम्तियाज अली की अनाम फिल्म और 'वेलकम टु जंगल' पर असर पड़ सकता है।

## लाइफ Style

# जान्हवी

## मां नहीं चाहती थीं बेटी फिल्मों में काम करें

जान्हवी कपूर की मां नहीं चाहती थीं कि बेटी इंडस्ट्री में कदम रखें। वह चाहती थीं कि उनकी बेटी डॉक्टर बनें। जान्हवी को अपने कॅरियर की शुरुआत में उस वक्त बड़े दुख का सामना करना पड़ा। फिल्मों में आने के लिए उन्हें पिता से मदद लेनी पड़ी। बॉलीवुड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर का नाम सुनते ही हर किसी के दिमाग में उनकी मां श्रीदेवी की तस्वीर जरूर आती है।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

जान्हवी ने अपनी मेहनत और लगन से खुद को इंडस्ट्री में साबित किया। उन्हें बचपन से ही एक्टिंग का बहुत शौक था लेकिन उनकी मां श्रीदेवी नहीं चाहती थीं कि वे फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखें। वह चाहती थीं कि जान्हवी पढ़ाई पूरी करें और डॉक्टर बनें। जान्हवी कपूर का जन्म 6 मार्च 1997 को मुंबई में हुआ। वे श्रीदेवी और बोनी कपूर की बड़ी बेटी हैं। उनका परिवार लंबे समय से फिल्म इंडस्ट्री से जुड़ा है। उनके दादा सुरिंदर कपूर भी फिल्म निर्माता थे, और उनके चाचा अनिल कपूर और संजय कपूर भी फिल्मों में एक्टिव हैं। जान्हवी भी फिल्मों में आना चाहती थीं लेकिन श्रीदेवी उन्हें एक्टिंग से दूर रखना चाहती थीं। ट्विंकल खन्ना और काजोल के टॉक शो 'टू मच विद काजोल एंड ट्विंकल' के एक एपिसोड में जान्हवी ने खुलासा किया था कि उनकी मां श्रीदेवी उन्हें एक्टिंग की दुनिया से दूर रखना चाहती थीं। उन्होंने बताया था कि उनकी मां श्रीदेवी कभी नहीं चाहती थीं कि मैं एक्टिंग करूं। जान्हवी ने इंटरव्यू में कहा, 'मां खुद एक एक्ट्रेस होने की वजह से मुझे लेकर काफी प्रोटेक्टिव थीं। वह काफी सख्त थीं। उन्हें लगता था कि मैं बहुत भोली हूं और मैं बॉलीवुड में सर्वाइव नहीं कर पाऊंगी। वह चाहती थीं कि मैं डॉक्टर बनूं। वह मुझसे कहतीं, 'मैं तुमको एक्ट्रेस बनते नहीं देखना चाहती।



## हॉलीवुड मसाला



# पुलिस ने किया गिरफ्तार जेल में कटी रात

**लॉस एंजिल्स।** पॉप स्टार ब्रिटनी स्पीयर्स को ड्रग्स और शराब के नशे के संदेह में गाड़ी चलाने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। घटना 4 मार्च की है और अगले दिन सुबह उन्हें जेल से रिहा कर दिया गया। अब 4 मई को ब्रिटनी को कोर्ट में पेश किया जाएगा। यह घटना 4 मार्च की रात की है। तब ब्रिटनी स्पीयर्स कैलिफोर्निया के वेंचुरा काउंटी में कार चला रही थीं। कैलिफोर्निया हाइवे पेट्रोल ने बताया कि स्पीयर्स के खिलाफ पुलिस को सूचना दी गई थी कि वह अपनी बीएमडब्ल्यू कार को हाईवे पर तेज रफ्तार से लापरवाही से चला रही थीं। पुलिस ने रोका तो उन्हें ब्रिटनी पर नशे की हालत में गाड़ी चलाने का संदेह हुआ। पुलिस ने बताया कि घटना की जांच अभी जारी है और केमिकल टेस्ट के रिजल्ट आने बाकी हैं। मालूम हो कि जब ब्रिटनी स्पीयर्स को पुलिस ने रोका, तब वह अपनी काली बीएमडब्ल्यू 430i को अकेले ही चला रही थीं।




# माइकल का ट्रेलर जारी भतीजा करेगा डांसर का रोल

**लॉस एंजिल्स।** माइकल जैक्सन की बायोपिक 'माइकल' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। डांसर की जिंदगी पर आधारित फिल्म में भतीजे जाफर जैक्सन उनका किरदार निभा रहे हैं। दुनिया के सबसे बेहतरीन डांसर्स में से एक माइकल जैक्सन की जिंदगी पर एक फिल्म बनी है। इसका नाम है 'माइकल'। जल्द ही यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर काफी दमदार है। मेकर्स ने इसमें डांसर की जिंदगी के अहम पहलुओं को दिखाने की कोशिश की है। 2 मिनट 27 सेकंड के ट्रेलर में माइकल जैक्सन के बचपन से लेकर आखिर तक की कहानी दिखती है। शुरुआत में उनके करीबी उन्हें कुछ बड़ा करने के लिए प्रेरित करते हैं। जब वह मशहूर हो जाते हैं तो हर कोई उनका दीवाना बन जाता है। ट्रेलर में कुछ भावुक पल भी हैं। वह अपने परिवार से जुड़े हैं, जो उनका सपोर्ट करते हैं। ट्रेलर में माइकल जैक्सन के शानदार मूव्स देखने को मिलते हैं। इसमें उनके बीमार होने की झलक भी दिखाई गई है। इसमें उनका एक डायलॉग काफी दमदार है, जो इस तरह है 'संगीत दुनिया बदल सकता है।'



# ऑस्कर 2026 की प्रेजेंटर्स लिस्ट में शामिल हुईं प्रियंका

**मुंबई।** एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा इस बार 98वें अकादमी अवॉर्ड्स में प्रेजेंटेटर की भूमिका में दिखेंगी। उनके साथ अन्य कलाकार भी होंगे, जो स्टेज पर विनर्स को पुरस्कार देंगे। इसकी जानकारी उन्होंने खुद दी है। बॉलीवुड की 'देसी गर्ल' प्रियंका चोपड़ा जोनस हॉलीवुड में काफी समय से काम कर रही हैं। वहीं, 98वें अकादमी अवॉर्ड्स में वह पुरस्कार प्रदान करने वालीं प्रेजेंटेटर की लिस्ट में शामिल हो गई हैं। इस बात की पुष्टि एक्ट्रेस ने खुद सोशल मीडिया के जरिए की। प्रियंका चोपड़ा ने शुक्रवार को अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया। इसमें उनके नाम के साथ अन्य प्रेजेंटेटर के भी नाम शामिल हैं। प्रियंका ने इंस्टाग्राम पर लिखा, '2026 अकादमी अवॉर्ड्स।' एक्ट्रेस के साथ इस लिस्ट में रॉबर्ट डाउनी जूनियर, ऐनी हैथवे, विल अर्नेट, ग्वेनेथ पाल्ट्रो और पॉल मेस्कल जैसे बड़े नाम शामिल हैं।



# धुरंधर 2 का ट्रेलर आज होगा रिलीज....

**मुंबई।** रणवीर सिंह ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट के जरिए बताया है कि 'धुरंधर 2' का ट्रेलर अब 7 मार्च की सुबह 11:01 पर आउट होगा। 19 मार्च को थिएटर्स में पांच भाषाओं हिंदी, तेलुगू, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में आने वाली इस मूवी में हमजा अली मजारी के मिशन की आगे की कड़ी देखने को मिलेगी। रणवीर सिंह, अर्जुन रामपाल, आर माधवन, संजय दत्त स्टारर 'धुरंधरः द रिवेंज' को रिलीज होने में अब कुछ ही दिन बाकी हैं। मगर उसके पहले फैंस इसके ट्रेलर को देखने के लिए एक्साइटेड हैं। इस मूवी के पहले पार्ट ने दर्शकों पर अपना ऐसा जादू बिखेरा है कि वह सीक्वल के लिए एक-एक दिन उंगलियों पर गिन रहे हैं। टीजर से तो पब्लिक मायूस हुई थी। मगर ट्रेलर के लिए आंखें बिछाए बैठी थी। क्योंकि पहले ये होली पर रिलीज होना था। लेकिन नहीं आया।

## टीवी मसाला



# दमदार किरदार में नजर आईं दिव्या, जरूरी मुद्दे पर उठाया सवाल

**नई दिल्ली।** छह-एपिसोड वाली सीरीज 'चिरैया' का 20 मार्च को जियो हॉटस्टार पर प्रीमियर होगा। इसमें दिव्या दत्ता और संजय मिश्रा अहम किरदारों में हैं। कुछ कहानियां अजीब होती हैं, फिर भी जरूरी होती हैं। दिव्या दत्ता और संजय मिश्रा की अदाकारी वाली वेब सीरीज 'चिरैया' का ट्रेलर कुछ इसी तरह की कहानी बता रहा है। इसकी कहानी भारतीय समाज के सबसे संवेदनशील मुद्दों में से एक को दिखाती है। 1 मिनट 43 सेकेंड के ट्रेलर में यह बताने की कोशिश की गई है कि एक पति अपनी पत्नी के ऊपर अपना अधिकार समझता है और उसके साथ जबरदस्ती करता है। वह पति दिव्या दत्ता का भाई होता है। पत्नी अपनी परेशानी दिव्या दत्ता से बताती है। दिव्या दत्ता उसका साथ देती हैं। हालांकि दिव्या के पति (संजय मिश्रा) इस मामले में उनका साथ नहीं देते हैं। इसके बाद मामला अदालत में पहुंचता है। 'चिरैया' का ट्रेलर एक मैसेज देता है कि शादी का मतलब सहमति नहीं है। एक महिला की आवाज को समाज की परंपराओं से मिटाया नहीं जा सकता। अपनी इमोशनल कहानी के जरिए, शो वर्षों से चली आ रही मान्यताओं पर सवाल उठाता है। 'चिरैया' वेब सीरीज शशांत शाह के निर्देशन में बनी है। SVF एंटरटेनमेंट ने इसे बनाया है। इसमें दिव्या दत्ता के अलावा संजय मिश्रा, सिद्धार्थ शॉ, प्रसन्ना बिष्ट, फैसल राशिद, टीनू आनंद, सरिता जोशी जैसे कलाकार हैं। 'चिरैया' 20 मार्च को स्ट्रीम होगी।

## एस्पिरेंट्स सीजन 3 का ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे पसंदीदा मनोरंजन प्लेटफॉर्म, प्राइम वीडियो ने शुक्रवार को अपनी मशहूर हिंदी ड्रामा सीरीज 'एस्पिरेंट्स' के तीसरे सीजन का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। द वायरल फीवर द्वारा निर्मित,




'एस्पिरेंट्स' सीजन 3 का निर्देशन दीपेश सुमित्रा जगदीश ने किया है। इस सीजन में नवीन कस्तूरिया, शिवांकित सिंह परिहार, अभिलाष थपलियाल, सन्नी हिंदुजा, नमिता दुबे और तेंगम सेलीन अपने पुराने किरदारों में वापसी कर रहे हैं, जबकि जतिन गोस्वामी इस बार टीम के नए सदस्य के रूप में जुड़े हैं। 'एस्पिरेंट्स' सीजन 3 का प्रीमियर 13 मार्च को विशेष रूप से प्राइम वीडियो पर भारत सहित दुनिया भर के 240 से अधिक देशों और क्षेत्रों में होगा। सीजन 3 के साथ, कहानी एक नए पड़ाव पर पहुंचती है जहाँ पुरानी महत्वाकांक्षाएं और वर्तमान की जिम्मेदारियां आपस में टकराती हैं। मुखर्जी नगर से शुरू हुई एक पुरानी प्रतिद्वंद्विता अब सत्ता के ऊंचे पदों पर फिर से सामने आती है।

# प्रकाश झा की पॉलिटिकल थ्रिलर संकल्प का ट्रेलर रिलीज, नाना करेंगे ओटीटी डेब्यू

**नई दिल्ली।** फिल्ममेकर प्रकाश झा एक नई सोशियो-पॉलिटिकल थ्रिलर, 'संकल्प' लेकर आ रहे हैं, जिसमें नाना पाटेकर, मोहम्मद जीशान अय्यूब, संजय कपूर, नीरज काबी, कुबरा सैत और क्रांति प्रकाश झा जैसे कलाकार हैं। शो का ट्रेलर गुरुवार को रिलीज किया गया। संकल्प 11 मार्च को अमेजन MX प्लेयर पर रिलीज होगी। मेकर्स के मुताबिक, संकल्प 'मॉडर्न इंडिया में पावर, बदला, आइडियोलॉजिकल वॉर, प्रोटीज, पॉलिटिक्स, करप्शन और ब्यूरोक्रेसी के मैकेनिक्स' को दिखाता है। संस्कार, सत्ता, समर्पण की थीम वाली तिकड़ी पर आधारित, टीजर में नाना पाटेकर को मात साब के रूप में दिखाया गया है, जो एक कमांडिंग मास्टर स्ट्रैटेजिस्ट हैं जिनकी मौजूदगी हर फ्रेम में छाई रहती है।



*संजय कपूर और नीरज काबी आइडियोलॉजिकल विरोध में खड़े हैं, उनके बीच टकराव आने वाले पावर स्ट्रगल की ओर इशारा करता है। एक प्रेस नोट में कहा गया है कि इस कहानी को और दिलचस्प बनाते हुए, मोहम्मद जीशान अय्यूब एक बहुत वफादार शिष्य का रोल निभा रहे हैं, जो अपने गुरु मात साब से इतनी गहरी वफादारी से बंधा है जितनी दिखती नहीं है। इस फिल्म से नाना पाटेकर अपना ओटीटी डेब्यू करने जा रहे हैं। इस बारे में नाना पाटेकर ने एक इंटरव्यू में बताया, 'मात साहब का रोल करना एक बहुत बड़ी सीख रही है और इसने मुझे एक नया डायमेंशन एक्सप्लोर करने के लिए मोटिवेट किया। यह एक ऐसा कैरेक्टर है जिसमें चुप्पी, टकराव और नतीजे भरे हुए हैं। प्रकाश झा के साथ दोबारा काम करना हमेशा खास होता है क्योंकि वह ऐसी कहानियां सुनाते हैं जो सब कुछ साफ नहीं करतीं।*

# ओटीटी पर मिलेगा मनोरंजन का तगड़ा डोज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

## सूबेदार से हैलो बच्चों तक, रिलीज होंगी ये सीरीज-फिल्में

होली के त्योहार के बाद वीकएंड भी आ गया है। त्योहार की थकान के बाद फुरसत के कुछ पल मिले हैं। आराम के बाद अगर घर बैठे ओटीटी पर कुछ देखने का मन हो तो इस बार की ओटीटी लिस्ट काफी दिलचस्प है। सिनेमाघरों में इन दिनों 'द केरल स्टोरी 2' और 'ओ रोमियो' जैसी फिल्में लगी हुई हैं। कुछ नई फिल्में रिलीज की कतार में हैं। मगर, बदलते मौसम और छुट्टी के दिन अगर घर से बाहर निकलने का मन नहीं है और घर बैठे ही ओटीटी पर कुछ बढ़िया सिनेमा देखना है तो इस बार कई शानदार ऑप्शन हैं।



### जब खुली किताब

पंकज कपूर और डिंपल कपाडिया अभिनीत फिल्म 'जब खुली किताब' भी शुक्रवार को ओटीटी पर रिलीज हो चुकी है। यह जी5 पर स्ट्रीम हो रही है। इस फिल्म के निर्देशन की कमान सौरभ शुक्ला ने संभाली है। फिल्म 'जब खुली किताब' गोपाल और अनुसूया की कहानी है, जिनकी दशकों पुरानी शादी एक अचानक हुए खुलासे से हिल जाती है। जैसे-जैसे लंबे समय से छिपी सच्चाई सामने आती है, उनका परिवार भावनाओं के भंवर में फंस जाता है।

### सूबेदार

अनिल कपूर अभिनीत फिल्म सूबेदार ओटीटी पर रिलीज हो चुकी है। आप वीकएंड पर इसे देख सकते हैं। इस फिल्म में अनिल कपूर का एक्शन अवतार देखने को मिलेगा। फिल्म में राधिका मदान, सौरभ शुक्ला, आदित्य रावल, मोना सिंह और फैसल मलिक भी हैं। 5 मार्च 2026 को यह फिल्म प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई।

### हैलो बच्चों

विनीत कुमार सिंह अभिनीत सीरीज 'हैलो बच्चों' 6 मार्च को ओटीटी पर आ चुकी है। यह वेब सीरीज फिजिक्सवाला अलख पांडे की जिंदगी पर आधारित है। 'हैलो बच्चों' नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है। इसमें विक्रम कोचर, गिरजा ओक गोडबोले, नमन जैन, सोनू कुमार यादव, अंशुल डोगरा और सतेंद्र सोनी जैसे कलाकार भी नजर आएंगे।

## 24 कैरेट सोने की ड्रेस, 400 करोड़ का खर्च, 4 ऑस्कर्स जीत चुकी फिल्म

# वो फिल्म जिसे बनाते-बनाते कंगाल हुए मेकर्स, जल्दबाजी में हुई रिलीज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कुछ फिल्मों के नसीब में ही मुश्किलें होती हैं। फिल्म मेकिंग में इतनी रुकावटें आती हैं कि वे बनते-बनते रह जाती हैं और कुछ बनकर भी मेकर्स को कंगाल कर जाती हैं। 63 साल पहले एक ऐसी ही फिल्म आई थी जो हिट तो रही लेकिन डिजास्टर भी। सुनने में अजीब लग रहा होगा कि ऐसे कैसे हुआ कि कोई फिल्म हिट भी हो और डिजास्टर भी। मगर ऐसा था। साल 1963 में आई क्लियोपेट्रा इतिहास की पहली फिल्म है जो एक ही समय में हिट और डिजास्टर रही। यह फिल्म पर मेकर्स ने इतना पैसा खर्च कर दिया कि यह प्रोडक्शन दिवालिया होने के कगार पर आ गया।

### मेकर्स के पास पैसे हो गए थे खत्म

मैनक्यूविक्ज ने फिर से फिल्म को रीशूट किया। मेकर्स के पास पैसे खत्म हो गए थे और प्रोडक्शन हाउस दिवालिया होने की कगार पर खड़ा हो गया था। मैनक्यूविक्ज को थोड़ा और वक्त चाहिए था, ताकि वह अच्छे से कहानी को फिर से लिखे और बनाए। मगर पैसे इतने खत्म हो गए थे कि मेकर्स ने कहा कि इसे जल्दी खत्म करने के लिए कहा।



### सबसे ज्यादा थी एक्ट्रेस की फीस

मिस्र की रानी क्लियोपेट्रा VII पर आधारित हिस्टोरिकल ड्रामा क्लियोपेट्रा सबसे चर्चित फिल्म रही। इस फिल्म का निर्माण 20th सेंचुरी फॉक्स के बैनर तले किया गया था। इस फिल्म को बनाने में करीब 5 साल लगे। उस वक्त की सबसे कामयाब एक्ट्रेस एलिजाबेथ टेलर को फिल्म के लिए कास्ट किया गया था। इसके लिए उन्हें 1 मिलियन डॉलर (9.17 करोड़ रुपए करीब) फीस मिली थी।

### फिल्म से निकाले गए थे डायरेक्टर

इस फिल्म को बड़े लेवल पर बनाया जा रहा था। रूबेन मामौलियन फिल्म के डायरेक्टर थे। धीरे-धीरे काम हो रहा था, लेकिन काम आगे नहीं बढ़ रहा था, बढ़ रहा था तो सिर्फ फिल्म का बजट। आखिर में मामौलियन को हटाया गया और फिर डायरेक्शन की कमान जोसेफ एल मैनक्यूविक्ज ने संभाली। मामौलियन ने जितनी भी फिल्म की शूटिंग की, उसमें सिर्फ 10 मिनट का सीन ही इस्तेमाल करने लायक था।

### करोड़ों रुपए की पहनी ड्रेस

44 मिलियन डॉलर्स यानी करीब 400 करोड़ रुपए में क्लियोपेट्रा बनकर तैयार हुई। आपको जानकर हैरानी होगी कि फिल्म में लीड हीरोइन एलिजाबेथ टेलर का कॉस्ट्यूम का बजट 194,800 डॉलर (1.78 करोड़) था। फिल्म में एलिजाबेथ के कुल 65 कॉस्ट्यूम्स थे, जिसमें से एक 24 कैरेट सोने का था। फिल्म रिलीज हुई और इसने दुनियाभर में 57.7 मिलियन डॉलर (529.15 करोड़ रुपए) कमाए थे। इस फिल्म को काफी सराहा गया है और इसे आस्कर में 9 नॉमिनेशंस मिले। इस फिल्म ने बेस्ट कॉस्ट्यूम डिजाइन, बेस्ट विजुअल एफेक्ट्स समेत 4 ऑस्कर्स जीते थे।

## अनेक ट्रेनों का नारनौल स्टेशन पर होगा ठहराव

# कनकपुरा स्टेशन यार्ड में तकनीकी कार्य के चलते रेल यातायात रहेगा प्रभावित



नारनौल। रेलवे स्टेशन। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

उत्तर पश्चिम रेलवे की ओर से जयपुर मण्डल के कनकपुरा स्टेशन यार्ड में तकनीकी कार्य हेतु नॉन इण्टरलॉकिंग कार्य किया जाएगा। जिसके कारण रेल यातायात प्रभावित रहेगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार उपरोक्त कार्य हेतु उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित रेलसेवाएं प्रभावित रहेगी।

### रद्द रेलसेवाएं

गाड़ी संख्या 12015 नई दिल्ली-दौराई शताब्दी एक्सप्रेस रेलसेवा चार मई से छह, नौ, 12 से 15 मई तक (आठ ट्रिप) नई दिल्ली से प्रस्थान करेगी। यह खातीपुरा तक ही संचालित होगी। अर्थात यह रेलसेवा खातीपुरा-दौराई के मध्य आंशिक रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 12016 दौराई-नई दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस रेलसेवा चार मई से छह, नौ, 12 से 15 मई तक (आठ ट्रिप) दौराई के स्थान पर खातीपुरा से संचालित होगी। अर्थात यह रेलसेवा दौराई-खातीपुरा के मध्य आंशिक रद्द रहेगी।

### मार्ग परिवर्तित रेलसेवाएं (प्रारम्भिक स्टेशन से)

गाड़ी संख्या 12215 दिल्ली सराय-बान्द्रा टर्मिनस रेलसेवा 12 मई को (एक ट्रिप) दिल्ली सराय से प्रस्थान करेगी। यह रेलसेवा परिवर्तित मार्ग रेवाड़ी-रींगस-फुलेरा होकर संचालित होगी। मार्ग परिवर्तन के कारण नारनौल, नीमकाथाना, रींगस स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

गाड़ी संख्या 15013 जैसलमेर-काठगोदाम रेलसेवा 12 मई को (एक ट्रिप) जैसलमेर से प्रस्थान करेगी। यह रेलसेवा परिवर्तित मार्ग फुलेरा-रींगस-रेवाड़ी होकर संचालित होगी। मार्ग परिवर्तन के कारण रींगस, नीमकाथाना, नारनौल स्टेशनों पर ठहराव करेगी। गाड़ी संख्या 15014 काठगोदाम-जैसलमेर रेलसेवा तीन मई से आठ, 12 से 14 मई तक (सात ट्रिप) काठगोदाम से प्रस्थान करेगी। यह रेलसेवा परिवर्तित मार्ग रेवाड़ी-रींगस-फुलेरा होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा नारनौल, नीमकाथाना, रींगस स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

गाड़ी संख्या 15716 अजमेर-किशनगंज रेलसेवा 12 मई को (एक ट्रिप) अजमेर से प्रस्थान करेगी। यह रेलसेवा परिवर्तित मार्ग फुलेरा-रींगस-रेवाड़ी होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा रींगस, नीमकाथाना, नारनौल स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

गाड़ी संख्या 19269 पोरबंदर-मुजफ्फरपुर रेलसेवा आठ मई को (एक ट्रिप) पोरबंदर से प्रस्थान करेगी। यह रेलसेवा परिवर्तित मार्ग फुलेरा-रींगस-रेवाड़ी होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा रींगस, नीमकाथाना, नारनौल स्टेशनों पर ठहराव करेगी। गाड़ी संख्या 19416 श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा-साबरमती रेलसेवा पांच मई व 12 मई को (दो ट्रिप) श्रीमातावैष्णोदेवीकटरा से प्रस्थान करेगी। यह रेलसेवा परिवर्तित मार्ग रेवाड़ी-रींगस-फुलेरा होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा नारनौल, नीमकाथाना, रींगस स्टेशनों पर ठहराव करेगी। गाड़ी संख्या 20937 पोरबंदर-दिल्ली सराय रेलसेवा नौ मई को (एक ट्रिप) पोरबंदर से प्रस्थान करेगी। यह रेलसेवा परिवर्तित मार्ग फुलेरा-रींगस-रेवाड़ी होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा रींगस, नीमकाथाना, नारनौल स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

गाड़ी संख्या 20940 सुल्तानपुर-साबरमती रेलसेवा 13 मई को (एक ट्रिप) सुल्तानपुर से प्रस्थान करेगी। यह रेलसेवा परिवर्तित मार्ग रेवाड़ी-रींगस-फुलेरा होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा नारनौल, नीमकाथाना, रींगस स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

गाड़ी संख्या 14322 भुज-बरेली रेलसेवा 11 मई को (एक ट्रिप) भुज से प्रस्थान करेगी, यह रेलसेवा परिवर्तित मार्ग फुलेरा-रींगस-रेवाड़ी होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा रींगस, नीमकाथाना, नारनौल स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

गाड़ी संख्या 12983 अजमेर-चंडीगढ रेलसेवा 12 मई को (एक ट्रिप) अजमेर से प्रस्थान करेगी, यह रेलसेवा परिवर्तित मार्ग फुलेरा-रींगस-रेवाड़ी होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा रींगस, नीमकाथाना, नारनौल स्टेशनों पर ठहराव करेगी। गाड़ी संख्या 14311 बरेली-भुज रेलसेवा 12 मई को (एक ट्रिप) बरेली से प्रस्थान करेगी, यह रेलसेवा परिवर्तित मार्ग रेवाड़ी-रींगस-फुलेरा होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा नारनौल, नीमकाथाना, रींगस स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

गाड़ी संख्या 14662 जम्मूतवी-बाडमेर रेलसेवा 11 मई को (एक ट्रिप) जम्मूतवी से प्रस्थान करेगी, यह रेलसेवा परिवर्तित मार्ग रेवाड़ी-रींगस-फुलेरा होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा नारनौल, नीमकाथाना, रींगस स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

## खबर संक्षेप

### डॉ. अजय के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर 12 को



नारनौल। माता सती वैलफेयर समिति गहली की ओर से 12 मार्च को जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला के जन्मदिन पर रेवाड़ी रोड स्थित सीएल फार्म हाउस में 19वां विशाल रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। समिति अध्यक्ष सिकंदर गहली ने बताया कि यह शिविर सुबह नौ बजे शुरू होगा। हर वर्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला का जन्मदिन मनाते आ रहे हैं और अबकी बार भी उनका जन्मदिन धूमधाम से मनाया जाएगा। इसमें सैकड़ों युवा स्वेच्छा से रक्तदान करेंगे। रक्तदान शिविर जिला रेडक्रॉस के सहयोग से आयोजित होगा।

### एमआर पब्लिक स्कूल में स्कॉलरशिप परीक्षा कल

नारनौल। एमआर पब्लिक स्कूल में आठ मार्च को कक्षा प्रथम से लेकर 12वीं तक के लिए स्कॉलरशिप टेस्ट का आयोजन होगा। जिसमें विद्यार्थी अपनी प्रतिभा को पहचानेंगे तथा प्राप्तांक प्रतिशत के आधार पर फीस में भी छूट पा सकेंगे। चेयरमैन सियाराम ने बताया कि प्रतिभावान विद्यार्थियों को न केवल फीस में छूट दी जाएगी, बल्कि विद्यालय में उनको उच्च स्तर की परीक्षाओं के मुकाबलों के लिए भी तैयार किया जाएगा। विद्यालय में कोचिंग संस्था आकाश के अध्यापकों की ओर से विशेष कोचिंग की व्यवस्था भी है।

## 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत गांव-गांव गूंजेगी जागरूकता की गूंज

# बाल विवाह करवाया तो टेंट वाले से लेकर पंडित तक जाएंगे जेल

**बाल विवाह कुप्रथा मिटाने को डीएलएसए सचिव नीलम कुमारी ने जागरूकता रथ को किया रवाना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। बाल विवाह मुक्ति रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करती सीजेएम नीलम कुमारी। फोटो : हरिभूमि

बाल विवाह जैसी कुप्रथा को जड़ से मिटाने तथा बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा के उद्देश्य से शुक्रवार को जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नीलम कुमारी ने एडीआर सेंटर से जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन एवं एमडीडी ऑफ इंडिया की ओर से संचालित बाल विवाह मुक्ति रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने मौजूद नागरिकों को बाल विवाह रोकथाम के लिए शपथ दिलाई तथा हस्ताक्षर के साथ इस अभियान की शुरूआत की। यह रथ गांव-गांव जाकर नागरिकों को जागरूक करेगा। इस मौके पर जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की मुख्य सचिव एवं सीजेएम नीलम कुमारी ने कहा कि जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की ओर से बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक विशेष अभियान चलाया गया है। उन्होंने बताया कि यह अभियान 100 दिवसीय देशव्यापी बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत चल रहा है।

उन्होंने बताया कि इस अभियान को महिला एवं बाल विभाग तथा विभिन्न अन्य विभागों के सहयोग से चलाया जा रहा है। इसमें विभिन्न सामाजिक संस्थाओं का भी सहयोग रहेगा। उन्होंने बताया कि बाल विवाह न केवल एक सामाजिक कुरीति है, बल्कि कानूनन एक गंभीर अपराध भी है। नियमानुसार 21 वर्ष से कम आयु के लड़के व 18 वर्ष से कम आयु की लड़की का विवाह करना दंडनीय है। इस अपराध में शामिल होने वाले माता-पिता, रिश्तेदार, विवाह संपन्न कराने वाले पंडित, मौलवी या पादरी तथा यहां तक कि शादी में सेवाएं देने वाले हलवाई, टेंट वाले और बैंड बाजे वालों को भी दो साल तक की जेल व एक लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण आमजन से अपील करता है कि वे बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करें और इस कुप्रथा को जड़ से मिटाने में सहयोग दें।

▶▶| कुप्रथा को जड़ से मिटाने में सहयोग दें

▶▶| बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करें

### हेल्पलाइन पर दें सूचना

उन्होंने कहा कि किसी भी संदिग्ध बाल विवाह की सूचना तुरंत पुलिस हेल्पलाइन 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 या डीएलएसए के हेल्पलाइन नंबर 01282250322 पर दी जा सकती है। अभियान का मुख्य लक्ष्य समाज के हर वर्ग को इस कानून के प्रति सचेत करना है, ताकि बच्चों का भविष्य सुरक्षित रहे। इस मौके पर संरक्षण अधिकारी एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी सरिता शर्मा, एमडीडी ऑफ इंडिया शक्ति वाहिनी, जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन्स से जगदीप सिंह, दीपक, तुषार शर्मा, चरण सिंह, एडवोकेट गिरिबाला यादव, टेकचंद यादव, जिला बाल संरक्षण इकाई कार्यालय से कानूनी सह परिवीक्षा अधिकारी राजकुमार कोठारी के अलावा गणमान्य नागरिक भी मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### आरपीएस में दो दिवसीय एनुअल स्पोर्ट्स मीट आयोजित

महेंद्रगढ़। राव पहलाद सिंह ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन बलाना में डॉ. ओपी यादव मेमोरियल एनुअल स्पोर्ट्स मीट स्पर्धा का शुभारंभ हुआ। एनुअल मीट के पहले दिन की शुरुआत एमडी देसी रॉकस्टार की परफॉर्मेंस से हुई। मशहूर हरियाणवी सिंगर एमडी देसी रॉकस्टार और उनके साथी कलाकार सुभाष फौजी ने अपने गीतों से ऐसा समां बांधा की छात्र-छात्राएं भरी गर्मी में भी आगे जाकर डांस करने लगे। उन्होंने अपनी शुरुआत छोरा में हरियाणा का गीत से की और उसके बाद एक पर एक शानदार गीत गाकर दर्शकों को नाचने पर मजबूर कर दिया।

### यदुवंशी कॉलेज के छात्रों ने लहराया परचम




नारनौल। हाल ही में इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर की ओर से कंप्यूटर सांइस तृतीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। हर बार की तरह इस बार भी यदुवंशी डिग्री कॉलेज के विद्यार्थियों ने बहुत ही बेहतरीन परिणाम दिया। कॉलेज के छात्र अरूण पुत्र दयानंद ने तीसरा व नितिश पुत्र राजेन्द्र ने विश्वविद्यालय में पांचवां स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त अन्य विद्यार्थियों का परिणाम भी बहुत ही सराहनीय रहा। इस उपलक्ष्य में यदुवंशी ग्रुप के चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। इस मौके पर संस्था निदेशिका सुरेश यादव, डॉ. प्रदीप यादव, प्राचार्य बजरंग लाल, डॉ. सोनल यादव ने विद्यार्थियों का हौंसला बढ़ाया।



### 61 विद्यार्थियों का सैनिक स्कूल में चयन

कनीना। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से बीते समय आयोजित अखिल भारतीय सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा का परिणाम हाल ही में जारी कर दिया गया है। जिसमें एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककराला के 61 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। इस बारे में विद्यालय के चेयरमैन जगदेव यादव व प्रधानाचार्या डॉ. शिप्रा सारस्वत ने बताया कि शिक्षक स्टाफ के मार्गदर्शन व विद्यार्थियों की मेहनत से यह उपलब्धि हासिल हुई है। उन्होंने कहा कि सैनिक स्कूल में चयन के लिए आयोजित परीक्षा में कक्षा छठी व नौवीं के विद्यार्थी हिस्सा लेते हैं। जिसमें विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों में निर्धारित अंक प्राप्त करने होते हैं। चेयरमैन जगदेव यादव ने सभी चयनित विद्यार्थियों को पारितोषिक प्रदान कर सम्मानित किया।



### पिता की पुण्यतिथि पर गोशाला में लगाई सवामणी

महेंद्रगढ़। श्री गोशाला धोलपोश आश्रम में शुक्रवार को सवामणी आयोजित की गई। सुरेंद्र सिंह पुत्र बलवंत गांव पायगा आबाद देवीलाल कॉलोनी वाले ने अपने पिता की पुण्यतिथि पर अपने परिवार के साथ सवामणी का आयोजन कर गायों को चाट खिलाई। गोशाला धोलपोश प्रधान रविंद्र तिवाड़ी ने कहा कि गोसेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारे हिंदू शास्त्रों के अनुसार गो-सेवा सबसे बड़ा धर्म है, जो व्यक्ति सच्चे मन से गो-सेवा करता है। वह अपने जीवन में कभी संकटों का सामना नहीं करता है। सच्चे मन से की गई गो-सेवा कभी व्यर्थ नहीं जाती, जहां गोमाता सुख चैन की सांस लेती है। वहां साक्षात रूप में देवता वास करते है।

## मनोज यादव ने विद्यालयों में वाटर कूलर लगवाए

■ अतिथियों व ग्रामीणों ने रिबन काटकर वाटर कूलरों का उद्घाटन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली



अटेली खंड के गांव बिहाली निवासी मनोज यादव पुत्र अभय सिंह यादव ने जनहित का सराहनीय कार्य करते हुए अपने निजी कोष से दो अलग-अलग विद्यालयों में वाटर कूलर लगवाकर उन्हें विद्यालयों को समर्पित किया। कार्यक्रम में ब्लॉक समिति की वाइस चेयरपर्सन सरिता यादव के पति कृष्ण यादव मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। मनोज यादव ने राजस्थान के गांव रैवाना के उच्च माध्यमिक विद्यालय तथा प्राथमिक पाठशाला कांटी में वाटर कूलर लगवाए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों और ग्रामीणों ने रिबन काटकर वाटर कूलरों का उद्घाटन किया। इस मौके पर सरपंच सीताराम यादव, रामपत यादव, नरेश कुमार, जयदयाल, कृष्ण बाबूजी, धर्मेंद्र, सुनील मैनेजर मंडोला, सुरेश वकील, सुनील सुल्तानिया, अशोक सिलारपुर, दीपक उनिंदा, सुरेंद्र लाम्बा प्रधान, अजीत, मंजीत मैनेजर, पिंकू चौधरी, डॉ. बाबूलाल, प्रहलाद बाबूजी, मास्टर रामरतन, कर्ण सिंह, रामप्रसाद, रघबीर सिंह, अमर सिंह नंबरदार, सुबेसिंह, निहाल सिंह, देवीलाल, अनुज एडवोकेट सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## सिंघानिया विवि के विद्यार्थी चैंपियनशिप में करेंगे देश का प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल




सिंघानिया विश्वविद्यालय के दो विद्यार्थी अरूण व निर्मला को 20 से 25 अप्रैल तक मलेशिया के कुआला लम्पुर में आयोजित होने वाली दूसरी एशियन पैरा थ्रोबॉल चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया है। ये दोनों खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम में पैरा थ्रोबॉल फेडरेशन राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगे। दोनों छात्र विश्वविद्यालय में बीए की पढ़ाई कर रहे हैं। पैरा थ्रोबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया (पीटीएफआई) के अध्यक्ष अल्बर्ट कुमार ने बताया कि तीन से पांच फरवरी को सिंघानिया विश्वविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय पैरा थ्रोबॉल चैंपियनशिप में उनके प्रदर्शन के आधार पर पीटीएफआई चयन समिति ने इन दोनों खिलाड़ियों का चयन किया है। सिंघानिया विश्वविद्यालय के अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि यह जानकर खुशी हुई कि दो छात्र अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### गांव बवाना निवासी कप्तान नित्यानंद का निधन



महेंद्रगढ़। गांव बवाना निवासी एवं संस्कार भारती महिला महाविद्यालय पाली के चेयरमैन सुदेश यादव के पिता सेवानिवृत्त 85 वर्षीय कप्तान नित्यानंद का निधन हो गया। उनके निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनके पुत्र दयाचंद, वीरेंद्र और सुदेश ने बताया कि कप्तान नित्यानंद अपने अनुशासन, पंक्चुअलिटी, मेहनत और सच्चाई के लिए जाने जाते थे। वे बेहद धार्मिक और सामाजिक प्रवृत्ति के व्यक्ति थे।

## भगवान श्रीकृष्ण की लीलाभूमि वृंदावन के दिल्ली श्रीधाम रुक्मणी विहार में बैठक आज

# प्रदेश कार्य समिति की बैठक में भाग लेने के लिए लोग रवाना

■ संगठन की बैठक समाज को नई दिशा और प्रेरणा प्रदान करेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल


नारनौल। बैठक में भाग लेने आए समाज के लोग। फोटो : हरिभूमि

अग्रवाल वैश्य समाज के जिला अध्यक्ष संदीप नूनीवाला के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में सात मार्च को होने वाली प्रदेश कार्य समिति की बैठक व मथुरा वृंदावन यात्रा के लिए सीताराम मैरिज प्लेस से रवाना हुए। अग्रवाल वैश्य समाज की प्रदेश स्तरीय आम सभा की बैठक सात मार्च को भगवान श्रीकृष्ण की लीलाभूमि वृंदावन के दिल्ली श्रीधाम रुक्मणी विहार में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी देते हुए अग्रवाल वैश्य समाज के जिलाध्यक्ष संदीप नूनीवाला ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला की अध्यक्षता में वृंदावन जैसे पावन तीर्थ स्थल पर आम सभा का आयोजन समाज की एकता, वैचारिक चिंतन व भविष्य की दिशा तय करने की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं व रासलीलाओं से अनुप्राणित यह धरा आज भी कण कण में आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण है और ऐसे दिव्य वातावरण में संगठन की बैठक समाज को नई दिशा और प्रेरणा प्रदान करेगी।

### यह हुए रवाना

बैठक में अग्रवाल वैश्य समाज के विधानसभा के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल काश्मीर, जिला महासचिव जगमोहन गर्ग, जिला युवा अध्यक्ष चिराग अग्रवाल, जिला महिला अध्यक्ष रचना अग्रवाल, यात्रा के संयोजक कृष्ण गोयल, प्रदीप संघी, उमेश मित्तल, जिला उपाध्यक्ष सीताराम सर्राफ, महेंद्र बंसल, तुलसी गोयल, मोहित जिंदल, जिला कोषाध्यक्ष सुमित अग्रवाल, अशोक कंछल, संजय गोयल, सुभाष चौधरी, नवीन केडिया, सुमत जैन, जिला युवा उपाध्यक्ष उदिक सिंघल, यश बंसल, यश जैन, बालकिशन गुप्ता, प्रवीण गुप्ता, पवन अग्रवाल, जिला महिला उपाध्यक्ष नीता गुप्ता, मधु गोयल, जिला कोषाध्यक्ष ऋतु बंसल, बबली जैन, शीतल गर्ग, रंजना अग्रवाल, मीरा चौधरी, पुष्पा जैन, ज्योति गुप्ता, मीना गोयल, रितु गोयल, पूजा मित्तल, निकिता जिंदल, वंदना अग्रवाल, विनीता अग्रवाल, लियांशी गर्ग, मानसी बंसल, तशिका बंसल, इशिका गुप्ता, गुंजन अग्रवाल, कंचन अग्रवाल, हर्ष अग्रवाल आदि रवाना हुए।

### पॉलिटिकल साइंस के तीन विद्यार्थियों ने टॉप 10 में बनाया स्थान

महेंद्रगढ़। इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी द्वारा पॉलिटिकल साइंस के तृतीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, हर बार की तरह इस बार भी यदुवंशी कॉलेज के तीन विद्यार्थियों ने टॉप 10 में जगह बनाई, जिसमें छात्र किरण पुत्री समर सिंह ने 9.62 सीजीपीए के साथ विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी के साथ पुष्पा पुत्री सतपाल ने नौवा स्थान तो वहीं ज्योति पुत्र विनोद ने दसवां स्थान हासिल किया। इन तीनों विद्यार्थियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से यह साबित कर दिया कि यदुवंशी कॉलेज के विद्यार्थी शिक्षा के क्षेत्र में लगातार बेहतर परिणाम दे रहे हैं। यदुवंशी कॉलेज चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता न केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि यह उनमें माता-पिता शिक्षकों और पूरे संस्थान की मेहनत और मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि इन छात्रों ने अपने माता-पिता के साथ-साथ संस्था का नाम रोशन किया है। वाइस चेयरमैन एडवोकेट करण सिंह यादव, चेयरपर्सन संगीत यादव, संस्था डायरेक्टर विजय सिंह यादव, डॉ. प्रदीप यादव, कॉलेज प्राचार्य बबरूभान ने कहा कि विद्यार्थियों की यह उपलब्धि पूरे कॉलेज के लिए गौरव का विषय है।




महेंद्रगढ़। सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### सैनिक स्कूल परीक्षा में राजवंशी स्कूल का परचम

नारनौल। क्षेत्र के प्रतिष्ठित राजवंशी शिक्षण संस्थान ने एक बार फिर उत्कृष्ट परिणाम देकर क्षेत्र में अपना परचम लहराया है। हाल ही में घोषित ऑल इंडिया सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा के परिणामों में विद्यालय के नौ विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त कर इतिहास रच दिया। विद्यालय के छात्र अयुष यादव पुत्र रामासरे यादव कक्षा नौवीं ने 374 अंक प्राप्त कर पूरे क्षेत्र में सर्वाधिक अंक हासिल किए। पिछले पांच वर्षों से राजवंशी शिक्षण संस्थान लगातार सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा, नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा व विभिन्न सैन्य विद्यालयों की परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम देता आ रहा है इस वर्ष सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों में कुणाल भारद्वाज पुत्र मनीष शर्मा, नवनीत चौधरी पुत्र अशोक कुमार, देवर्ष पुत्र दीपल, प्रतीक पुत्र अमित कुमार, नेहरिका पुत्री अजय, अयुष यादव पुत्र रामासरे यादव, पायल पुत्री केदार सिंह, विनय यादव पुत्र राजेश, विकल्प ठाकुर पुत्र रमण ठाकुर शामिल हैं।

# पूर्व विधायक के बेटे की काले रंग की स्कॉर्पियो ने की रैकी, बदमाशों के पास हथियार होने की भी आशंका

- पीछा कर घर तक पहुंची स्कॉर्पियो गाड़ी, गाड़ी में लगी थी ब्लैक फिल्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

भाजपा पार्टी के प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट एवं पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने काले रंग की स्कॉरपियो गाड़ी की ओर से पीछा करने और उसमें हथियार सहित बदमाश होने की आशंका जताते हुए सिटी पुलिस को शिकायत दी है। उन्होंने खुद व परिवार की जान का खतरा बताते हुए पुलिस ने सुरक्षा कर्मी उपलब्ध करवाने की मांग की है। वहीं इस मामले में सिटी पुलिस ने बीएनएस की धारा 126(2),351(3) के तहत नामजद नंबर की ब्लैक स्कारपियो व उसके चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। आपको बताते चले कि राकेश शर्मा नारनौल पूर्व विधायक स्व. पंडित कैलाशचंद शर्मा के बेटे है। इस घटनाक्रम के बाद शुक्रवार शिकायतकर्ता अपने सहयागी भाजपा जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव के साथ एसपी पूजा वशिष्ठ से मिलने भी पहुंचे। नसीबपुर वासी भाजपा नेता



राकेश शर्मा ने सिटी पुलिस में शिकायत दी है। शिकायत में बताया है कि शनिवार रात करीब डेढ़ बजे अपनी छोटी बहन जिसका घर रेवाड़ी रोड पेट्रोल पंप के सामने है, के घर के लिए निकला, तब एक काले रंग नामजन नंबर की महेंद्रा स्कॉरर्पियो गाड़ी थी। जिसमें फैलस व हुटर लगा था। वह पीछा करने लगे और बार बार कभी आगे कभी पीछे करते हुए घर के गेट तक आ गए। दूर से देखने पर उनके हाथ में वैपन भी लगा। गाड़ी में ब्लैक फिल्म लगी थी परंतु फिर भी ड्राइवर के ग्लास से देखने पर ऐसा प्रतीत हुआ। इसकी सूचना तुरंत डायल 112 पर दी। पुलिस कर्मी आए और उन्हें मामले से अवगत करवाया। रात 2:30 बजे के करीब सिटी थाना से फोन आया और शिकायत दर्ज करने को कहा, परंतु अपने निजी कार्य में अत्याधिक व्यस्त था। वह चंडीगढ़ गया हुआ था। पत्नी ने बताया कि आज रात को भी काली गाड़ी यहां तक आई थी। इस घटना के वक्त वह पत्नी मौसम शर्मा व बेटा नरदेव शर्मा भी साथ था। उस घटना के बाद अभी तक गाड़ी नहीं पकड़ी गई है। इस पर तुरंत कार्रवाई की जाए।

### खतरा भांप मांगा सुरक्षा कर्मी

वह सामाजिक कार्यकर्ता है। भाजपा पार्टी का प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट भी है और पूर्व में पार्टी का जिला अध्यक्ष पद पर भी रह चुके है। ऐसे में सुरक्षा सुनिश्चित की जाए और बिना देरी किए सुरक्षा कर्मी भी उपलब्ध करवाया जाए। उन्हें जान माल के खतरे का अहसास हो रहा है। इस मामले में एसपी पूजा वशिष्ठ को भी मोबाइल कॉल के माध्यम से अवगत करवाया गया।

### दूसरा मामला : कनीना के एसडीएम को भी मिली धमकी

**कनीना।** एसडीएम को दूरभाष पर धमकी देने का मामला सामने आया है। इस प्रकरण में हैकर्स की कारगुजारी मानी जा रही है। जिसकी पुलिस डाटा खंगालने में जुटी हुई है। मोबाइल फोन पर हुई बातचीत की जानकारी एसडीएम ने डीएसपी कार्यालय को दी है। जिस पर पुलिस गंभीरता से जांच कर रही है। बता दें कि एसडीएम के मोबाइल पर शुक्रवार सुबह कॉल आई, जिसे पिक करने पर सामने वाले ने नई दिल्ली के लालकिला क्षेत्र से बोलने की बात कही। बातों से उसकी मंशा झांसे में लेकर साइबर फ्रॉड करने की प्रतीत हुई। जिस पर एसडीएम ने कॉलर से अधिक जानकारी लेने की कोशिश की। हैकर्स द्वारा फैलाए गए जाल में एसडीएम के न फंसने पर वह आग बबूला हो गया और गाली गलौज पर उतर आया। अंत में उसने कॉल समाप्त कर दी।

## खबर संक्षेप

### एसडीएम बने दहेज निषेध अधिकारी

**कनीना।** समाज में दहेज के लेनदेन को लेकर बिगड़ रहे रिश्तों की डोर को मजबूत करने के उद्देश्य से शासन प्रशासन की ओर से प्रयास किए जा रहे हैं। विभिन्न सामाजिक संगठन भी दहेज व नशे के खिलाफ मुहिम चला रहे है। दहेज के बढ़ते परिवादों पर अंकुश लगाने के लिए विचारों में बदलाव जरूरी है। सरकारी निर्देश पर एसडीएम डॉ. जितेंद्र सिंह अहलावत को कनीना सब डिवीजन का दहेज निषेध अधिकारी नियुक्त किया गया है, जो दहेज संबंधित शिकायतों को सुनेंगे और सामाजिक पहलुओं पर मंथन कर उनका निराकरण करेंगे। इस बारे में कोई भी पीड़ित व्यक्ति अपनी दरखास्त एसडीएम कार्यालय में दे सकता है।

### प्रवेश परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन की तिथि बढ़ाई

**नारनौल।** आरोही मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मंढाणा में कक्षा छठी, नौवीं व 11वीं के लिए प्रवेश परीक्षा आठ मार्च को आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा हेतु पांच फरवरी से रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुका है। पहले रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि छह मार्च थी। प्राचार्य लीलूराम यादव ने बताया कि रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि बढ़ाकर सात मार्च कर दी गई है। रजिस्ट्रेशन फॉर्म आरोही मॉडल स्कूल में उपलब्ध है तथा रजिस्ट्रेशन फॉर्म कार्यालय आरोही मॉडल स्कूल मंढाणा में ही अब सात मार्च तक जमा करवाना होगा।

### सैनी सभा की त्रि-वार्षिक चुनाव प्रक्रिया जारी

**नारनौल।** सैनी सभा की त्रि-वार्षिक चुनाव प्रक्रिया जारी है। इसी कड़ी में आठ मार्च को कॉलेजियम के चुनाव सैनी सभा प्रांगण में आयोजित किए जाएंगे। चुनाव को लेकर समाज में उत्साह का माहौल है और सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। यह जानकारी देते हुए चुनाव अधिकारी संदीप सैनी एडवोकेट ने बताया कि सैनी सभा में कुल 155 कॉलेजियम वार्ड बनाए गए हैं। इनमें से 47 वार्डों में चुनाव करवाए जाएंगे, जबकि शेष वार्डों के प्रतिनिधि निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं। चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से संपन्न करवाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं कर ली गई हैं। मतदान के दौरान व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्वयंसेवकों की ड्यूटी लगाई गई है।

### नरसिंह सैनी अटेली हलका प्रधान बने

**मंडी अटेली।** राष्ट्रीय सैनी सभा हरियाणा द्वारा संगठन का विस्तार करने पर अटेली खंड के गांव कारिया निवासी नरसिंह सैनी को अटेली मंडी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। सैनी को महेंद्रगढ़ जिला सैनी समाज का जिला अध्यक्ष नियुक्त किए जाने के उपरांत संगठन विस्तार की प्रक्रिया को नई गति प्रदान की गई है। हल्का स्तर पर नई नियुक्तियों की घोषणा जिला अध्यक्ष संजय सैनी ने नरसिंह सैनी को हल्का प्रधान नियुक्त किया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को विधिवत नियुक्ति पत्र प्रदान किए हैं। बता दें कि नरसिंह सैनी कर्मचारी यूनियन में गुरुग्राम डिवीजन के भी प्रधान हैं।

### सिसोठ में हुई स्वास्थ्य जागरूकता बैठक

**महेंद्रगढ़।** उपस्वास्थ्य केंद्र सिसोठ में ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति (वीएचएसएनसी) की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता सीएचओ डॉ. राहुल चौपड़ा ने की और संचालन स्वास्थ्यकर्मी विजेंद्र सिंह ने किया। सीएचओ डॉ. राहुल चौपड़ा ने बताया कि ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समिति की बैठक का मुख्य उद्देश्य गांव के स्वास्थ्य, पोषण और स्वच्छता स्तर में सुधार लाना है। बैठक में स्वास्थ्य सेवाएं, मातृ-शिशु देखभाल, टीकाकरण, स्वच्छता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में लिंग अनुपात में सुधार लाने के बारे में विस्तार से चर्चा की। इस बैठक में पूर्व पंच हरिराम चौहान, विजेंद्र एमपीएचडब्ल्यू, नरेश, अमन, साहिल, संगीत, स्नेह एएनएम, आशा वर्कर कृष्णा देवी, संतोष, फूलवती, पुष्पा देवी, किरण, रजनी, कांता देवी उपस्थित रही।

## नारनौल में कूड़ा उठान का जिम्मा संभालेगी नई कंपनी, 25 नए टैंपो खरीदे

# घर-घर कूड़ा उठान करने पर यूएलबी टैगिंग से कंपनी को मिलेंगे पैसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

शहर में कूड़ा उठान व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए नगर परिषद ने नई कंपनी को जिम्मेदारी सौंप दी है। नई कंपनी क्लासिक मैन पॉवर द्वारा शहर से कूड़ा उठान के लिए तैयारियां भी शुरू कर दी गई हैं। कंपनी ने इसके लिए अब तक 25 नए टैंपो खरीद लिए हैं, जिनके जरिए शहर के सभी वार्डों में घर-घर जाकर कूड़ा कलेक्शन किया जाएगा। घर–घर जाकर कूड़ा उठान करने पर कंपनी को यूएलबी टैग स्कैन करने पर ही पैसे का भुगतान हो सकेगा।

नगर परिषद ने शहर में कूड़ा उठान का यह टेंडर पांच साल के लिए करीब 12.5 करोड़ रुपये में दिया गया है, जो आने वाली एक अप्रैल से शुरू हो जाएगा। बता दें कि नगर परिषद के अधीन नारनौल शहर में कुल 31 वार्ड आते हैं। इन सभी वार्डों में डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन की जिम्मेदारी नई कंपनी को सौंपी गई है। इसके लिए कंपनी द्वारा वाहन और अन्य जरूरी उपकरण जुटाए जा रहे हैं। कंपनी ने 31 वार्डों के लिए फिलहाल 25 नए टैंपो खरीदे हैं, जिनका इस्तेमाल घर-घर जाकर कूड़ा उठाने में किया जाएगा। इसके अलावा ट्रैक्टर–ट्राली, लोडर, लिफ्टर आदि मशीनों एवं उपकरणों की भी खरीद की जा रही है। कंपनी द्वारा खरीदे गए टैंपों को सुरक्षित रखने के लिए विशेष इंतजाम भी किए गए हैं। इन टैंपों के प्रेशर किक, डाले और अन्य महत्वपूर्ण पाट्र्स को कवर करवाया जा रहा है, ताकि उन पर धूल-मिट्टी या अन्य कचरे का असर न पड़े और वे जल्दी खराब न हों। कंपनी का उद्देश्य है कि सफाई कार्य में इस्तेमाल होने वाले वाहनों की कार्यक्षमता लंबे समय तक बनी रहे और शहर में कूड़ा उठान का कार्य सुचारु रूप से चलता रहे।



### घरों पर लगेंगे यूएलबी टैग

नई कंपनी के आने के साथ ही कूड़ा उठान व्यवस्था में कुछ बदलाव भी देखने को मिलेंगे। पहले कूड़ा उठान का भुगतान प्रति टन कूड़ा उठाने के हिसाब से किया जाता था, लेकिन अब सरकार ने इसके लिए नया ऑनलाइन सिस्टम लागू किया है। इस सिस्टम के तहत कंपनी को भुगतान तभी मिलेगा, जब वह घर-घर जाकर कूड़ा कलेक्शन करते समय वहां लगे टैग को स्कैन करेगी। नई व्यवस्था के अनुसार शहर के घरों पर यूएलबी टैग लगाए जाएंगे। जब कूड़ा उठाने वाला कर्मचारी किसी घर से कूड़ा उठाएगा तो उसे उस टैग को स्कैन करना होगा। टैग स्कैन होने के बाद ही संबंधित डाटा ऑनलाइन सिस्टम में दर्ज होगा और उसी के आधार पर कंपनी को भुगतान किया जाएगा। यानी जितने घरों से कूड़ा उठाया जाएगा और जितने टैग स्कैन होंगे, उसी हिसाब से कंपनी को पैसा मिलेगा।

### यह कहते हैं नप अधिकारी

*नई कंपनी द्वारा आवश्यक साजो-सामान की खरीद प्रक्रिया जारी है। कंपनी टैंपो सहित अन्य संसाधन जुटा रही है और 31 मार्च से पहले ही उसे काम ज्वाइन करवा दिया जाएगा। उनके अनुसार नई व्यवस्था लागू होने के बाद शहर में कूड़ा उठान प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा।*

*-सतेंद्र यादव, सेनेटरी सब इंस्पेक्टर, नगर परिषद नारनौल*

### जटिल मानी जा रही प्रक्रिया

*हालांकि कंपनी अधिकारियों का मानना है कि यह नया सिस्टम पारदर्शिता बढ़ाने के उद्देश्य से लागू किया गया है, लेकिन इसके नियम अपेक्षाकृत जटिल भी माने जा रहे हैं। ऑनलाइन प्रक्रिया और टैग स्कैनिंग व्यवस्था के कारण नई कंपनी को भुगतान प्राप्त करने में कुछ तकनीकी चुनौतियों का सामना भी करना पड़ सकता है। अगर किसी कारणवश टैग स्कैन नहीं होता है या डाटा अपलोड नहीं हो पाता है तो कंपनी को उस घर से कूड़ा उठाने के बावजूद भुगतान मिलने में समस्या आ सकती है।*

### सफाई व्यवस्था होगी और व्यवस्थित

नगर परिषद अधिकारियों का कहना है कि नई व्यवस्था से शहर में सफाई व्यवस्था को और अधिक व्यवस्थित बनाया जाएगा। डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन से सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर कचरा डालने की प्रवृत्ति पर भी रोक लगेगी। साथ ही घरों से सीधे कूड़ा उठाने से शहर में स्वच्छता का स्तर भी बेहतर होने की उम्मीद है। नप अधिकारियों के अनुसार नई कंपनी को सफाई कार्य शुरू करने से पहले सभी आवश्यक संसाधन जुटाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि 31 मार्च से पहले ही व्यवस्था को पूरी तरह लागू किया जा सके। कंपनी द्वारा वाहन, कर्मचारी और अन्य उपकरणों की व्यवस्था की जा रही है।



मंडी अटेली। बैठक में उपस्थित नवनियुक्त पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

## सिहमा खंड ग्रामीण सफाई जल कर्मी चुनाव में सुरेंद्र बने प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

खंड सिहमा के ग्रामीण सफाई जल कर्मियों की आम बैठक सिहमा में आयोजित की गई। बैठक में खंड के विभिन्न गांवों से आए जल कर्मियों ने भाग लिया और संगठन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। बैठक के दौरान सभी जल कर्मियों की सर्वसम्मति से सिलारपुर निवासी सुरेंद्र को खंड स्तरीय प्रधान नियुक्त किया गया। उनके चयन पर उपस्थित सदस्यों ने खुशी जाहिर करते हुए आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में जल कर्मियों की समस्याओं का समाधान होगा और संगठन को और मजबूती मिलेगी। नवनियुक्त प्रधान सुरेंद्र ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे जल कर्मियों के हितों की रक्षा के लिए पूरी ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ कार्य करेंगे।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर उपप्रधान जगबीर, सचिव हरिकृष्ण, सहसचिव मनोज, कोषाध्यक्ष मनजीत, सत्यपाल, राजवीर, धर्मपाल, नरवीर, रमेश, अजीत, शक्ति सिंह, हरपाल सिंह, विकास शर्मा, राजपाल, भागीरथ व राजवीर आदि मौजूद रहे।इस मौके पर उपप्रधान जगबीर, सचिव हरिकृष्ण, सहसचिव मनोज, कोषाध्यक्ष मनजीत, सत्यपाल, राजवीर, धर्मपाल, नरवीर, रमेश, अजीत, शक्ति सिंह, हरपाल सिंह, विकास शर्मा, राजपाल, भागीरथ व राजवीर आदि मौजूद रहे।

### आम नागरिकों के लिए खुले आईटीआई के द्वार

**नारनौल।** हरियाणा सरकार ने राज्य के आम नागरिकों के कौशल विकास व संसाधनों तक पहुंच बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। बजट की घोषणाओं के अनुरूप सरकार ने एक विशेष आनलाइन पोर्टल लॉन्च किया है, जिसके माध्यम से अब आम नागरिक सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे। यह जानकारी देते हुए आईटीआई प्राचार्य विनोद खनगवाल ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य आईटीआई के संसाधनों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करना और स्थानीय नागरिकों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाना है। उन्होंने बताया कि अब आम नागरिक पोर्टल पर पंजीकरण करने के बाद आईटीआई में बनी लाइब्रेरी व वर्कशॉप मशीनों का उपयोग कर सकेंगे। इच्छुक नागरिक इन सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना ऑनलाइन पंजीकरण करा सकते हैं।

## भारत मुक्ति मोर्चा ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

### एससी व ओबीसी के लोगों ने सहभागिता की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

भारत मुक्ति मोर्चा एवं राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के द्वारा राष्ट्रपति के नाम एसडीएम कनिका गोयल को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में ओबीसी जाति जनगणना का न होना, इसमें ओबीसी की जाति आधारित जनगणना करवाने के पक्ष में यूजीसी कानून ओबीसी के लिए लागू करवाना, जिसके द्वारा सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगाई हुई है। इसे हटाना एवं 2011 से पहले लगे प्रोफेसर से नीट में छूट प्रदान के बारे में यह ज्ञापन सौंपा गया। इस ज्ञापन में भारत मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा और महेंद्रगढ़ जिले के अन्य संगठनों ने भाग लिया और एससी व ओबीसी के लोगों ने सहभागिता की। जगदीश प्रधान के नेतृत्व में यह ज्ञापन सौंपा गया हैं।

इस मौके पर राजकुमार जांगड़ा, रतिराम, इंद्र सिंह प्रजापत, सीताराम जांगड़ा, मजदूर नेता कामरेड बलबीर सिंह, कामरेड सुभाष, महेंद्र सिंह प्रजापत, फतेह सिंह प्रजापत, एडवोकेट जितेंद्र खैरोली, महिला कांग्रेस अध्यक्ष राज वंती देवी, गोविंद प्रजापत, सुरेश नारनौल, रामप्रसाद जांगिड़, बिशंबर दयाल, रामप्रताप जांगिड़, मोहर सिंह, सतवीर ढिल्लों, कामरेड बलवीर सिंह, शीशराम, सुरेंद्र सिंह यादव सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।



महेंद्रगढ़। एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

### सीए विपिन आईसीएआई ब्रांच के चेयरमैन बने

**महेंद्रगढ़।** शहर निवासी समाजसेवी कैलाश चंद खोरीवाला के पुत्र सीए विपिन अग्रवाल को इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया गुरुग्राम ब्रांच का चेयरमैन बनाए जाने पर क्षेत्र में हर्ष की लहर है। उनकी इस उपलब्धि पर महेंद्रगढ़ सहित पूरे क्षेत्र के लोगों ने खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। सीए विपिन अग्रवाल लंबे समय से चार्टर्ड अकाउंटेंसी के क्षेत्र में सक्रिय रहते हुए पेशेवर उत्कृष्टता तथा संगठनात्मक कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान देते आ रहे हैं। उनकी कार्यकुशलता, नेतृत्व क्षमता और सेवा भावना को देखते हुए उन्हें गुरुग्राम आईसीएआई ब्रांच की जिम्मेदारी सौंपी गई है।



## बढ़ते तापमान से फसल को बचाने के लिए अपनाएं वैज्ञानिक तकनीक

- किसानों के लिए फसल सुरक्षा के लिए एडवाइजरी जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने मार्च माह के दौरान तापमान में अचानक हो रही वृद्धि को देखते हुए जिले के किसानों के लिए फसल सुरक्षा के लिए एडवाइजरी जारी की है। उप कृषि निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह ने बताया कि तापमान बढ़ने से गेहूं की फसल में दानों के भराव की प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। जिससे दाने छोटे व हल्के रह सकते हैं। डॉ. देवेंद्र सिंह ने किसानों से अपील की है कि वे अपनी फसल की नियमित निगरानी करें और किसी भी समस्या के लिए कृषि विभाग के विशेषज्ञों से संपर्क करें।

यदि दिन का तापमान 32 डिग्री सेल्सियस से अधिक हो जाता है, तो गर्मी के प्रभाव को कम करने के लिए 20 प्रतिशत पोटैशियम नाइट्रेट का छिड़काव करें। इसके लिए दो किलोग्राम पोटैशियम नाइट्रेट को 100 लीटर पानी में घोलकर प्रति एकड़ छिड़काव करें। पछेती गेहूं की फसल में 10 दिन के अंतराल पर वो छिड़काव किए जा सकते हैं। फसल में आवश्यकतानुसार हल्की सिंचाई करें, ताकि खेत में नमी बनी रहे। विशेष ध्यान रखें कि तेज हवा चलते समय सिंचाई न करें, अन्यथा फसल के गिरने की संभावना रहती है। दोपहर के समय में स्प्रिंकलर, मिनी स्प्रिंकलर से सिंचाई करने पर खेत का तापमान कम किया जा सकता है।

### खरपतवार नियंत्रण

गेहूं के खेतों में यदि मंडूसी कनकी के पौधे दिखाई दें, तो उन्हें हाथ से उखाड़कर बाहर निकाल दें। इससे बीज बनकर खेत में नहीं गिरेंगे और अगले वर्ष इस खरपतवार का प्रकोप कम रहेगा। किसानों को सलाह दी जाती है कि अब पीला रतुआ के नियंत्रण के लिए दवाइयों के छिड़काव की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि अधिक तापमान होने पर यह रोग स्वत ही समाप्त होने लगता है।

## पिता ने घोड़ी पर निकाला बेटी का बनवारा

**महेंद्रगढ़।** आदर्श कॉलोनी निवासी वीएलडीए डॉ. सुरेंद्र सिंह खुडाना वाले ने अपनी बेटी ऊषा का बनवारा घोड़ी पर निकालकर बेटा बेटी एक समान होने का संदेश दिया है। ऊषा पुत्री डॉ. सुरेंद्र सिंह की शादी गांव डेरोली अहीर निवासी हरिराम सिरोहा के पुत्र पीयूष के संग नौ मार्च सोमवार को होनी है, बेटी ऊषा एमएससी फाइनल की पढ़ाई कर रही है एवं पीयूष फिजिक्स से पीएचडी कर रहा है। पिता डॉ. सुरेंद्र सिंह, माता पुष्पा देवी ने अपनी बेटी ऊषा का वीरवार को डीजे के साथ झूमते-नाचते हुए घोड़ी पर बनवारा निकालकर समाज में बेटा-बेटी एक समान होने का संदेश दिया। ममाज टीम सदस्य मुकेश चौहान ने हरियाली का प्रतीक पौधा भेंटकर बेटी को बधाई एवं आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर चाचा सुरेश कुमार, चाची अन्नू, रजनीश खिंची, अमित, सतीश, मधु, स्नेहा नर्सिंग ऑफिसर, शिल्पा सहित अन्य मित्र एवं रिस्तेदार उपस्थित रहे।



### नौ वर्षीय सन्नू और सात वर्षीय मन्नू तय करेंगे 350 किलोमीटर का सफर

# चूरू से पैदल चले दो नन्हें बच्चों का नारनौल में स्वागत 130 गांव के शहीदों की मिट्टी को लेकर जा रहे दिल्ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिला से सटे राजस्थान के चूरू जिले से दिल्ली के इंडिया गेट तक निकली दो छोटे बच्चों की पैदल यात्रा शुक्रवार नारनौल शहर में पहुंची। यात्रा के नारनौल पहुंचने पर लोगों ने बच्चों का सम्मान किया। यह यात्रा करीब 350 किलोमीटर का सफर तय करके दिल्ली इंडिया गेट पहुंचेगी। जहां पर शहीदों की मिट्टी वहां समर्पित करेंगे।

आपको बताते चले कि राजस्थान के चुरू जिला के सादुलपुर की दूधवाखारा गौशाला से दो छोटे बच्चे शहीदों की मिट्टी लेकर दिल्ली स्थित इंडिया गेट तक पैदल यात्रा पर निकले हैं। नौ वर्षीय सन्नू और सात वर्षीय मन्नू चूरू जिले के गांवों के शहीदों की मिट्टी कलश में रखकर राष्ट्र को नमन करने जा रहे हैं। उनकी यह यात्रा सुबह नारनौल पहुंची। यात्रा का नारनौल में भाजपा महिला जिला अध्यक्ष भारती सैनी व उनके ग्रुप ओर से स्वागत किया गया।

यात्रा के चौथे दिन भी सुबह नारनौल में दोनों बच्चों में उत्साह दिख रहा था। हाथ में तिरंगा और सिर पर कलश लिए वे कदम-दर-कदम राजधानी की ओर बढ़ रहे हैं।



नारनौल। शहर में बच्चों का स्वागत करती भारती सैनी व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

### देश सेवा के लिए कमांडो बनना है सपना

सन्नू और मन्नू ने बताया कि उन्हें देश सेवा की प्रेरणा अपनी माता दीपिका और पिता राहुल से मिली है। दोनों भाई बड़े होकर कमांडो बनना चाहते हैं और देश की रक्षा में अपना योगदान देने का सपना देखते हैं।

उनके साथ चल रहे धावक अंकुर ने बताया कि उन्होंने कश्मीर से कन्याकुमारी तक 49 दिन चार घंटे में दौड़ पूरी की थी। उन्होंने बताया कि चूरू जिले के विभिन्न गांवों से शहीदों की मिट्टी एकत्रित की गई है।

इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य बच्चों में राष्ट्रप्रेम और बलिदान के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत करना है। बच्चों की माता मोनिका, जो स्वयं एथलीट कोच हैं, ने बताया कि जिले के विभिन्न गांवों से शहीदों की मिट्टी एकत्रित की गई है। उसी पवित्र मिट्टी को कलश में रखकर दोनों बच्चे दिल्ली जा रहे हैं, ताकि देश के वीर सपूतों को श्रद्धांजलि दी जा सके।

### ये रहे मौजूद

मौके पर भाजपा महिला जिला अध्यक्ष एवं नगर परिषद पूर्व चेयरपर्सन भारती सैनी, महिला थाना एसएचओ मंजूसा, नगर पार्षद सोनम यादव, पूर्व पार्षद मीना सोनी, नगर पार्षद सिकंदर सैनी, कुसुम निर्मल, रवीना सोनी, सुनीता शर्मा, गौतम सैनी, प्रकाश सैनी ने स्वागत किया।